पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

प्रेस विज्ञप्ति

19 जून, 2021

'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के भाग के रूप में सोलन में भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के अंतर्गत 50 केडबल्यूपी सोलर रूफ टॉप का उदघाटन किया गया

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन आईपीडीएस योजना के अंतर्गत निष्पादित परियोजना के लिए नोडल एजेंसी है

सोलन, जून 19, 2021: भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के अंतर्गत सोलन, हिमाचल प्रदेश में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 50 केडबल्यूपी सोलर रूफ टॉप का उद्घाटन किया गया। 50 केडबल्यूपी सोलर रूफ टॉप हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) द्वारा शुरू की गई है।

उद्घाटन समारोह भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह का एक भाग है।

परियोजना का उद्घाटन श्री सुख राम चौधरी, माननीय एमपीपी एवं विद्युत मंत्री, हिमाचल प्रदेश और श्री पी.के सिंह, निदेशक-वाणिज्यिक एवं परियोजना (अतिरिक्त प्रभार), पीएफसी लिमिटेड द्वारा किया गया जो वर्च्युयल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपस्थित थे । उद्घाटन समारोह में एचपीएसईबीएल और पीएफसी के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया ।

50 केडबल्यूपी रूफ टॉप सोलर प्लांट सोलन में एचपीएसईबीएल सर्किल कार्यालय में लगाया गया है। कुल 152 पीवी पैनल लगाए गए हैं जो प्रतिदिन लगभग 165 किलोवाट बिजली का उत्पादन करेंगे।

एचपीएसईबीएल ने आईपीडीएस के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में 1107 केडबल्यूपी क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट सफलतापूर्वक स्थापित किया है। रूफटॉप सोलर के रूप में चल रही 'गो ग्रीन' पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश प्रदेश (10 एमडबल्यूपी), कर्नाटक (8 एमडबल्यूपी), केरल (5 एमडबल्यूपी), पश्चिम बंगाल (4 एमडबल्यूपी), उत्तराखंड (3 एमडबल्यूपी) और हिमाचल प्रदेश (1 मे एमडबल्यूपी) में भी सोलर पैनल लगाए गए हैं ।

यह परियोजना भारत सरकार की शहरी वितरण योजना में परिकल्पित सरकार की 'गो ग्रीन' पहल को और सुदृढ़ करती है।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)